दिनांक: 27.04.2025 समय: 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने इस महीने की 22 तारीख को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में शांति का लौटना, लोकतंत्र का मजबूत होना और पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि भारत और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को रास नहीं आ रही थी।

प्रधानमंत्री ने डॉ. के कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। दो दिन पहले डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन हो गया था। श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने निजी क्षेत्र के लिए भी अंतरिक्ष क्षेत्र के दरवाजे खोल दिए हैं। आज बहुत से युवा स्पेस स्टार्ट-अप्स के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि दस वर्ष पहले इस क्षेत्र में केवल एक कंपनी थी और आज देश में सवा तीन सौ से अधिक स्पेस स्टार्ट-अप्स चल रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मॉं के नाम अभियान का एक वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस एक वर्ष के दौरान देशभर में मॉं के नाम पर एक सौ चालीस करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं।

आईटी कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर सिद्ध होगा। राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का यह आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

बैसाख अमावस्या

देशभर में आज वैशाख अमावस्या मनाई जा रही है। इस खास अवसर पर नर्मदापुरम के सेठानी घाट समेत प्रदेश के नर्मदा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया और सत्तू का दान किया। देवास जिले के नेमावर पर भी कल रात से लोगों को पहुंचना जारी है। वहीं चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

मौसम

प्रदेश में इस वक्त मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। एक तरह जहां भीषण गर्मी पड़ रही है तो वहीं दूसरी तरफ बारिश का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को प्रदेश के कई जिलों में लू का असर देखा गया। वहीं, कुछ जिलों में तेज आंधी और हल्की बारिश हुई। आज भी ग्वालियर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों सहित 27 जिलों में बारिश के आसार हैं। भोपाल में भी आज सुबह से बादल छाए हुए हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- बुरहानपुर के शासकीय जनजातीय बालक छात्रावास के बच्चों ने मिलकर चिड़ियों के लिए एक नया संसार रच दिया है। जहां बच्चों ने अपने हाथों से 25 से अधिक कृत्रिम घोंसले तैयार किए हैं।

- गुना में सफाई अभियान सतत जारी है। इसी क्रम में आज नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता सहित कलेक्टर कन्याल द्वारा "हमारा गुना स्वच्छ गुना" अभियान चलाकर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

- जबलपुर में प्रतिबंधित विदेशी और ई-सिगरेट बेचने वाले 4 पान दुकानों पर ये कार्रवाई की। पुलिस ने इन दुकानों से 44 ई-सिगरेट और 421 पैकेट विदेशी सिगरेट जब्त की। जब्त की गई सामग्री की कीमत 3 लाख 1 हजार 140 रुपए आंकी गई है।

नमस्कार